प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 02.09.2026 समय : 01:00 पी.एम.

प्रदेश में नगर निकाय चुनाव के लिए कल दोपहर तक प्रत्याशियों द्वारा नाम वापस लिये जा सकते हैं इसके बाद ही प्रत्याशियों की अंतिम संख्या और सूची स्पष्ट होगीं 4 सितम्बर को राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से चुनाव चिन्ह आंवटित किये जायेंगें मतदान 9 और 11 सितम्बर को होगां वोटों की गिनती 14 सितम्बर को होगीं इस बीच निकाय चुनाव प्रक्रिया को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिए विभिन्न तैयारियां की जा रही हैं ईवीएम के आवंटन और चुनाव प्रचार के लिए वाहनों की अनुमति की प्रक्रिया जारी हैं साथ ही चुनावी विज्ञापन और पेडन्यूज को लेकर जिलास्तरीय मॉनिटरिंग कमेटी बनाई जा रही हैं

इसके अलावा प्रदेशभर में निकाय चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए स्वीप गतिविधियों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा हैं भरतपुर में मतदाता संवाद और दिव्यांग वाहन रैली का आयोजन किया गयां रैली में बड़ी संख्या में दिव्यांग मतदाताओं ने भाग लिया और लोकतंत्र के महापर्व में सक्रिय भागीदारी निभाने का संदेश दियां कोटपूतली के गंगासागर तालाब पर दीपोत्सव के जरिये मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गयां

.........................................................................................

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने जोजरी, बांडी और लूणी नदियों में प्रदूषण रोकने के लिए तैयार एक्शन प्लान पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं उन्होंने कहा कि नदियों के संरक्षण, औद्योगिक गतिविधियों और पर्यावरण सुरक्षा के बीच संतुलन बनाए रखना जरूरी हैं मुख्य सचिव ने ये निर्देश उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर गठित इंटीग्रेटेड कोऑर्डिनेशन ग्रुप की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिएं बैठक में तीनों नदियों में प्रदूषण की रोकथाम के उपायों और एक्शन प्लान पर चर्चा की गई राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल को इस कार्य के लिए नोडल एजेंसी बनाया गया हैं

.........................................................................................

केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा है कि मानव और प्रकृति के बीच सामंजस्य तथा सह–अस्तित्व ही पर्यावरण संरक्षण का आधार होना चाहिएं उन्होंने यह बात आज नई दिल्ली में बाघ संरक्षण और आजीविका पर आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला के उद्‌घाटन के अवसर पर कहीं श्री यादव ने कहा कि बाघों के आवास क्षेत्रों को प्राकृतिक पूंजी के रूप में देखते हुए उनके संरक्षण के साथ स्थानीय लोगों की आजीविका और आय बढ़ाने के प्रयास किए जाने चाहिएं उन्होंने जैव अर्थव्यवस्था और इको टूरिज्म को सतत आजीविका का महत्वपूर्ण माध्यम बतायां कार्यशाला का आयोजन इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस, एशियाई विकास बैंक और राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण ने संयुक्त रूप से किया हैं

.........................................................................................

नेपाल में जारी बचाव और राहत कार्यों में भारत हर संभव सहायता प्रदान कर रहा हैं आज नेपाल के लिए राहत और बचाव सामग्री लेकर पांचवां भारतीय विमान रवाना हो गया हैं विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने सोशल मीडिया पर बताया कि विमान में 11 सदस्यीय बचाव दल और 5 टन से अधिक आवश्यक दवाएं हैं इस बीच नेपाल में विनाशकारी बाढ़ से मरने वालों की संख्या 11 सौ से अधिक हो गई हैं नेपाल के राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार अब तक एक हजार 114 शव बरामद हुए हैं सबसे अधिक शव दक्षिणी चितवन जिले में बरामद किए गएं अधिकारियों ने बताया कि अब तक 95 मृतकों की पहचान के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए हैं लगभग चार हजार लोग अभी भी लापता हैं इस बीच, बाढ़ प्रभावित 11 जलविद्युत परियोजनाओं से जुडे 983 लापता लोगों की अभी तक कोई जानकारी नही हैं

.........................................................................................

पशुपालन विभाग की ओर से सवाईमाधोपुर जिले में ऊष्ट्र रोग निदान और उपचार शिविर आयोजित किए जा रहे हैं विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. राजीव गर्ग ने बताया कि आज रामगढ़ मुराड़ा, लहसोड़ा और बालेर में एक दिवसीय शिविर लगाए गए हैं शिविर में ऊंटों की जांच कर

सर्रा रोग से बचाव के लिए उपचार किया जा रहा हैं श्री गर्ग ने बताया कि पशुओं में लम्पी स्किन डिजीज की रोकथाम के लिए जिला और उपखंड स्तर पर नियंत्रण कक्ष बनाए गए हैं विभाग ने पशुपालकों से पशुओं के स्वास्थ्य संबंधी लक्षणों की जानकारी तत्काल इन नियंत्रण कक्षों को देने की अपील की हैं

..............................................................................

औषधि नियंत्रण विभाग ने भिवाड़ी में बिना लाइसेंस दवा कारोबार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए करीब चार करोड़ रुपये की दवाइयां जब्त की हैं साथ ही बडी मात्रा में दवा निर्माण में इस्तेमाल होने वाला कच्चा माल बरामद किया हैं विभाग की संयुक्त टीम ने बिना लाइसेंस संचालित गोदाम से करीब एक हजार 500 कार्टन दवाइयां और पैकिंग सामग्री तथा उपकरण जब्त किएं विभाग ने संबंधित दवा कंपनियों के बारे में पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश के औषधि प्रशासन को सूचना दी हैं मामले की जांच की जा रही हैं

..............................................................................